आकाशवाणी शिमला
19.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर विधानसभा उप–चुनाव में अब 11 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी तेजी पकड़ ली हैं और भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारक अभियान में जुटे हुए हैं। चुनाव प्रचार की कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के देहरा और नादौन विधानसभा क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे लोकसभा चुनाव में जीत का सपना देख रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस चुनावी मैदान से पूरी तरह कट चुकी है और कांग्रेस नेताओं के पास वास्तविक मुद्दों की कमी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मांगने वाला नहीं बल्कि मदद करने वाला देश बनकर उभरा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार को भी घेरा और आरोप लगाया कि अब तक के कार्यकाल में कांग्रेस एक भी गारंटी पूरा नहीं कर पाई है।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में चौतरफा विकास किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकले हैं जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही जाता है। राजीव बिंदल ने दावा किया कि केन्द्र में एकबार फिर भाजपा सरकार बनने जा रही है वहीं 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतने के साथ ही राज्य में भी डबल इंजन की सरकार बनने वाली है।

मुख्यमंत्री

दूसरी ओर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज बिलासपुर और सोलन ज़िले में चुनाव प्रचार किया। बिलासपुर के जगातखाना में चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने भले ही कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए लेकिन इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार के कदम नहीं डगमगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक लाख 36 हज़ार कर्मचारियों को ओल्ड पैंशन देकर उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला विरोधी रही है और भाजपा नहीं चाहती कि महिलाओं को 15 सौ रूपए की मासिक पैंशन का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से खरीद फरोख़्त की राजनीति पर करारी चोट करने के लिए लिए एक जून को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया है। जनसभा में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर और हमीरपुर से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार सतपाल रायजादा समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।

विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने आज कुल्लू ज़िले के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं को घरद्वार पर रोज़गार व स्वरोज़गार प्राप्त हो, यही मण्डी संसदीय क्षेत्र के लिए उनका विज़न है। इसके अलावा सांसद बनने पर वे प्रदेश और कुल्लू ज़िले के बागवानों की आवाज़ को प्रमुखता से उठाएंगे।

चुनाव–पांचवां चरण

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। 94 हजार 7 सौ 32 मतदान केंद्रों पर 9 लाख 47 हजार से अधिक मतदानकर्मी अपनी सेवाएं देंगे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया, पीने के पानी, रैम्प, शौचालय और व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक उपाय करने की सलाह दी गई है।

पोस्टल बैलेट

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 21 हज़ार 5 सौ 18 सैन्य जवानों को ई–ट्रांसमिशन से पोस्टल बैलेट भेजे जाएंगे। कांगड़ा ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने सर्विस वोटर्स की सुविधा के लिए ई–पोस्टल बैलेट व्यवस्था को लागू किया है। उन्होंने कहा कि सर्विस वोटर्स को ईमेल के ज़रिए पोस्टल बैलेट और पिन कोड भेजा जाएगा ताकि वे मतदान कर सकें। ज़िला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदान में अधिक से अधिक लोग भाग लें, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया है।

मैराथन

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से चम्बा ज़िला मुख्यालय में आज एक मैराथन का आयोजन किया गया। ये मैराथन ऐतिहासिक चौगान मैदान से शुरू होकर करियां होते हुए मिलेनियम गेट में संपन्न हुई। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ये मैराथन मेरा वोट–मेरा भविष्य की थीम पर आधारित रही है।

....